न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.05.2024	प्रार्थना पत्र 14(4) मुकदमा संख्या 16/2009 बाबूलाल बनाम गंगासहाय व अन्य पत्रावली पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रार्थी बाबूलाल पुत्र गंगाधर गुर्जर निवासी नांगवास तहसील बसवा जिला दौसा को उपस्थित होने बाबत् नोटिस जारी किये जाने पर प्रार्थी द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रार्थी न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं किये जाने का निवेदन किया गया है। इसलिये प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही किये जाने का औचित्य नहीं है। अतः प्रार्थी बाबूलाल पुत्र गंगाधर जाति गुर्जर निवासी नांगवास तहसील बसवा जिला दौसा द्वारा आवंटन आदेश दिनांक 18.01.1983 बाबत् खसरा नम्बर मिन 5 रकबा 2 बीघा वाके ग्राम श्यालावास कलां तहसील बसवा के विरूद्ध प्रस्तुत प्रार्थना पत्र नियम 14(4) खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय की मूल पत्रावली जिला अभिलेखागार को लौटायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 13.05.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुमित्रा पारीक) अति. जिला कलक्टर,दौसा Signature Not Verified Digitally signed by Sumitra Pareek Date: 2024.05.23 18:23:01 IST Reason: SelfAttested	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official